# शहर सहित जिले भर में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई महाशिवरात्रि

## शिवालयों में भोर से लेकर देर शात तक लगा रहा शिवभक्तों का रेला, जगह जगह हवन-पूजन और भण्डारा आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना 15 फरवरी. महाशिवरात्रि का पर्व शहर सहित जिले भर में पूरे श्रद्धाभाव और उल्लस के साथ मनाया गया. भोर होते ही शिवालयों में जलाभिषेक, दर्शन-पूजन और प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरु हो गई, जो कि देर शाम तक देखने को मिला. कई स्थानों पर धूमधाम के साथ शिव बारात भी निकाली गई. इसके साथ ही जगह जगह भजन-कीर्तन और भण्डारा भी चलता रहा.**





महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार की भोर होते ही अधिकांश शिवालायों के पाट खुल गए. जिसके चलते सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया. महिलाएं-पुरुष से लेकर बच्चे भी अपने अपने हाथों में पात्र में जल लेकर भगवान भोलेनाथ को अर्पित करने के लिए पहुंचने लगे. श्रद्धालुओं द्वारा पूरे श्रद्धा भाव के साथ जल, दूध, घी, शक्कर, शहद व दही के साथ-साथ बेल पत्र, शमी, धतूरा और फल-फूल अर्पित किए गए. पर्व की महत्वता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रविवार को कई लोगों ने वृत भी रखा. इसके अलावा कई श्रद्धालुओं द्वारा मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन अर्चन और अभिषेक करने के बाद उन्हें विधि विधान के साथ प्रवाहित कर दिया. शहर में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ चित्रकूट रोड स्थित पशुपति नाथ धाम और शहर के मध्य में स्थित जगतदेव तलाब स्थित शिव मंदिर में देखने को मिली. इसके साथ ही पन्नीलाल चौक, रेलवे कालोनी, राजेंद्र नगर, प्रेम नगर, पतेरी, खेरमाई रोड व अन्य क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में भी खासी संख्या में श्रद्धालु देर शाम तक पहुंचते रहे. इसी कड़ी में जिले के बिरसिंहपुर स्थित भगवान गैवीनाथ धाम, उचेहरा स्थित भूतेश्वर नाथ, और चित्रकूट स्थित मतगजेंद्र नाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन-पूजन और अभिषेक किया. इसके साथ ही भगवान भोलेनाथ को प्रसाद भी चढ़ाया गया. शिवालयों में श्रद्धालुओं की भरी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर के आस पास मेला सा लगा रहा. नारियल, प्रसाद, फूल माला और बेल पत्र बेचने के लिए तो अस्थायी दुकानों की लाइन लगी रही. इसके अलावा ग्राहकों को लुभाने के लिए खिलौने और साज श्रंगार से लेकर कई तरह के सामान बिकते नजर आए. जिसे खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ती रही. महाशिवरात्रि के पर्व पर शहर सहित जिले भर के शिवालयों में भोर से लेकर देर शाम तक हर हर महादेव के जयकारे लगते रहे. वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर कानून-व्यवस्था और यातायात की स्थिति को संभालने के लिए शहर सहित जिले भर के शिवालयों में काफी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे.

### धूमधाम से निकली बारात



महाशिवरात्रि के अवसर ममें शहर में शिव पार्वती की बारात बड़े ही धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई. बारात में शिव पार्वती के साथ-साथ बजरंग बली भी शामिल रहे. इसके साथ ही घंकी में भगवान भोलेनाथ की एक बड़ी सी प्रतिमा भी शामिल रही. शहर में शिव बारात निकलने के दौरान जगह जगह पर लोगों द्वारा दर्शन-पूजन करने के साथ ही फूल माला से स्वागत किया गया. इस अवसर पर भगवान शिव पार्वती की आरती भी उतारी गई. बारात में शामिल सभी लोग पूरे श्रद्धा भाव के साथ नाचते-गाते नजर आए.

### जगह जगह हुआ भण्डारा



महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालय परिसर से लेकर मोहल्लों में मानस पाठ का आरंभ एक दिन पहले से हो गया था. इसी कड़ी में रविवार को हवन पूजन के बाद भण्डारा आयोजित हुआ. जगह जगह आयोजित भण्डारे का प्रसाद लेने के लिए खासी संख्या में लोग कतारबद्ध खड़े रहे. भण्डारा प्रसाद वितरण के दौरान भी श्रद्धालुओं द्वारा बम भोले और हर हर महादेव के जयकारे लगाए जाते रहे.

# नए और पुराने बस स्टैंड के घालमेल में हो रही यात्रियों की दुर्गति

## आटो चालक कर रहे यात्रियों से 50 से 100 रुपये तक वसूली, यात्रा का समय भी बढ़ा





नवभारत न्यूज

**सतना 15 फरवरी, बस ऑपरेटर्स और प्रशासन के बीच नए इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) और पुराने बस स्टैंड को लेकर चल रही खींचतान ने आम यात्रियों का सफर नर्क बना दिया है।**

जहां प्रशासन नए बस स्टैंड को पूरी तरह सक्रिय करने के निर्देश दे चुका है, वहीं ऑपरेटर्स पुराने स्टैंड को छोड़ने को तैयार नहीं। नतीजतन यात्रियों को दोनों स्टैंडों के बीच 50 से 100 रुपये तक का मनमाना किराया चुकाना पड़ रहा है, जबकि आरटीओ के साथ हुई बैठक में किराया पहले ही तय कर दिया गया था। रीवा, सीधी, मैहर और अमरपाटन रूट की बसें अभी भी पूरी तरह नए आईएसबीटी से नहीं चल रही हैं। सुबह 7:30 बजे तक इन रूटों की ज्यादातर बसें पुराने बस स्टैंड से ही रवाना हो रही हैं। यात्री नया स्टैंड पहुंचने के लिए ऑटो-टैक्सी वाले की दया पर निर्भर हैं, जो बेशर्मी से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। प्रशासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन कोई सख्त कार्रवाई नजर नहीं आ रही। नए बस स्टैंड से बसें चलें या न चलें, लेकिन कुछ बस ऑपरेटर्स नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, रीवा रूट पर एक बस सर्विस की टाइमिंग सुबह 5:40 बजे तय है, लेकिन एक ही परमिट पर ऑपरेटर ने तीन बसें लगा रखी हैं— एक नया बस स्टैंड पर, दूसरी पुराना बस स्टैंड पर और तीसरी रेलवे स्टेशन पर। तीनों बसों की सवारियों को एक बस में ठूंसकर रवाना कर दिया जाता है। इसी तरह एक अन्य बस सर्विस भी पुराने बस स्टैंड से सुबह सवारियां बैठाकर रवाना कर रही है। सवाल ये है कि एक परमिट पर तीन बसों का संचालन कानूनी रूप से कैसे हो रहा है? क्या परिवहन विभाग इस घोटाले से अनजान है या फिर आंखें बंद किए बैठा है?

### एसडीएम ने भरवाया बॉन्ड

विवाद सिर्फ बस स्टैंड तक सीमित नहीं है। नगर निगम की अनुबंधित सूत्र सेवा में भी बस ऑपरेटर्स के कर्मचारियों ने गुंडागर्दी शुरू कर दी है। 7 फरवरी को जैसे ही सूत्र सेवा नया बस स्टैंड से रवाना हुई, कारगित ढाबे के पास पाठक बस सर्विस का कर्मचारी पवन पयासी बस में घुस आया। उसने ड्राइवर और यात्रियों को गाली-गालौच करते हुए मारपीट की धमकी दे डाली। अगले दिन भी इसी कर्मचारी ने बस ड्राइवर और सवारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम राहुल सिलाडिया ने तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने बताया, सूत्र सेवा में गाली-गालौच करने वाले कर्मचारी से बांड भरवाया गया है। साथ ही कोलगवां थाने में धारा 107/16 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# युवती से सरेराह मोबाइल छीनने की कोशिश

## शोर मचाने पर भगा बदमाश

नवभारत न्यूज

**सतना 15 फरवरी. कोलगवां थाना अंतर्गत बिरला रोड पर शाम के समय उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक युवती से सरेराह मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी को पहचानने की कोशिश की जा रही है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरला रोड पर नवरंग पार्क कालोनी के निकट से एक युवती गुजर रही थी. युवती ने अपने हाथ में स्मार्ट फोन लिया हुआ था. युवती सड़क किनारे पैदल चलते हुए मोबाइल में कुछ देखते हुए जा रही थी. इसी दौरान एक युवक उसके पास आ धमका. देखते ही देखते युवक ने युवती के हाथ में मौजूद मोबाइल पर झपट्टा मारने का प्रयास किया. लेकिन इस दौरान युवती की नजर उस पर पड़ गई. लिहाजा हिम्मत दिखाते हुए पहले तो उसने अपने हाथ पीछे कर लिए और फिर पीछे भागते हुए शोर मचाना शुरु कर दिया. युवती द्वारा शोर मचाए जाने के कारण सहमा युवक उल्टे पांव वहां से भाग निकला. वहीं शोर गुल सुनकर आस पास मौजूद लोग एकत्र हो गए.

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा जांच शुरु कर दी गई. पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज की मदद से युवक के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है.



# सिंधी कैम्प में दुर्गा उत्सव की तर्ज पर महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया

नवभारत न्यूज

**सतना 15 फरवरी, सिंधी कॉलोनी में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व दुर्गा उत्सव की तर्ज पर मनाया गया, आप को बता दें कि सिंधी कॉलोनी के हर मोहल्ले में युवाओं, बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं द्वारा अपने हाथों से भगवान भोलेनाथ जी के विभिन्न रूपों को बनाया और सजाया जाता है।**

और प्रात: 6 बजे से दर्शनों के लिए पंडाल खोल दिए जाते हैं। और प्रसाद के रुप में फल फरूट, लड्डू और पूरी सब्जी और मीठा चावल के साथ भांग का वितरण किया गया। बाबा मेहरशाह दरबार साहिब के स्वामी पुरषोत्तम दास जी ने स्वयं अपने हाथों से प्रसाद का वितरण किया गया। महाशिवरात्रि की रात्रि में श्री संतधाम दरबार में स्वामी ईश्वरदास जी मार्गदर्शन में पार्थिव शिवलिंग की स्थापना के बाद महायज्ञ के पश्चात भगवान भोलेनाथ जी की स्थापना के साथ भस्मासुर आरती एवं रुद्राभिषेक किया गया जो प्रात: 4 बजे तक निरंतर जारी रही।

### सहयोग के लिए माना आभार

श्री कंवर नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजकुमार बजाज ने बताया कि हमारी महाशिवरात्रि को देखने के लिए कई प्रांतों के भक्त सतना विशेष रूप से पधारते हैं। जिन भक्तों के पास रहने खाने की व्यवस्था नहीं होती तो हमारी टीम उनकी पूरी व्यवस्था करती है।

# अब विद्यालय प्राचार्य संभालेंगे आवारा कुत्तों की जिम्मेदारी!

- हाईकोर्ट के निर्देश पर शिक्षा विभाग सख्त, स्कूलों में कुत्तों की एंट्री बंद

नवभारत न्यूज

**सतना 15 फरवरी, जिले के शासकीय विद्यालयों में अब बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक नया और सख्त कदम उठाया गया है।**

उच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए जिले के सभी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल, माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं के प्राचार्यों और संस्था प्रमुखों को विद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है। दरअसल, बीते कुछ समय से विद्यालय परिसरों में आवारा कुत्तों की आवाजाही लगातार बढ़ रही थी, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आ रही थीं। कई जगहों पर कुत्तों के काटने और बच्चों में भय का माहौल बनने की शिकायतें भी मिली थीं। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए उच्च न्यायालय ने दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिनके अनुपालन में यह प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। उद्देश्य साफ है कि विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, संरक्षित और भयमुक्त शैक्षणिक वातावरण मिल सके. आदेश के तहत अब प्रत्येक विद्यालय में प्राचार्य नोडल अधिकारी के रूप में यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यालय परिसर में आवारा कुत्तों का प्रवेश पूरी तरह रोका जाए। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि कुत्ते छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के संपर्क में न आ सकें।

### पशोपेश में हैं जिम्मेदार

इस आदेश के बाद विद्यालयों के प्राचार्यों में नाराजगी और रोष भी देखने को मिल रहा है। कई प्राचार्यों का कहना है कि शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों के साथ अब यह अतिरिक्त जिम्मेदारी उनके ऊपर डाल दी गई है, जबकि इसके लिए न तो संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं और न ही किसी प्रकार का सहयोगी अमला नियुक्त किया गया है। इसके बावजूद आदेश का पालन करना उनकी मजबूरी बन गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संस्था प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संबंधित पत्र के अनुसार आवश्यक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाए।

# सीएमएचओ ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

**सतना 15 फरवरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा विगत तीन दिनों से लगातार औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बाबूपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान टीकाकरण कार्य कर रही ए.एन.एम. से वैक्सीन की उपलब्धता एवं उसके समुचित रख-रखाव के संबंध में जानकारी ली गई। प्रयोगशाला की व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु लैब टेक्नीशियन ओमप्रकाश वर्मा से चर्चा की गई तथा सफाई कर्मियों से स्वच्छता की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित सभी चिकित्सकों एवं स्टाफ के कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर डॉ. आशुतोष सोनी, डॉ. ओ.पी. शाह एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों का भी औचक निरीक्षण किया गया। द्वितीय दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ-2) डॉ. नलिनी शुक्ला भी उपस्थित रहीं। कोटर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए कोल्ड चेन के तापमान एवं स्टॉक रजिस्टर की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान फार्मासिस्ट सतेंद्र सिंह एवं डॉ. सर्वेश सिंह उपस्थित रहे।



# बागेश्वर धाम पहुंचे सांसद, 305 कन्याओं के पाणिग्रहण में हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**सतना 15 फरवरी, संतों की तपोभूमि बागेश्वर धाम में आस्था, परंपरा और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य उस समय देखने को मिला, जब भव्य सप्तम कन्या विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया।**

इस पावन अवसर पर 305 निर्धन एवं जरूरतमंद बेटियों का विधि-विधान से पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ, जिसके साक्षी देशभर से आए लाखों श्रद्धालु बने। एक ही मंडप के नीचे सैक?ों बेटियों का विवाह भारतीय सनातन संस्कृति, सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में सहभागिता के लिए गणेश सिंह बागेश्वर धाम पहुंचे। धाम आगमन पर उन्होंने सर्वप्रथम पूज्य संतों का सान्निध्य प्राप्त कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात सांसद ने सामूहिक विवाह समारोह का अवलोकन किया और नवदंपतियों को सुखी, समृद्ध और संस्कारयुक्त दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विवाह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में ख?ी बेटियों के जीवन में खुशियों का उजास भरने का विराट संकल्प है। सांसद गणेश सिंह ने राजदूतो से आत्मीय मुलाकात कर भारतीय संस्कृति और परंपराओं के वैश्विक प्रभाव पर चर्चा की। बागेश्वर धाम से उठी यह सकारात्मक पहल न केवल भारतीय समाज को, बल्कि सम्पूर्ण विश्व को सनातन मूल्यों, सेवा और समरसता का संदेश दे रही है। सांसद गणेश सिंह ने इस पुनीत आयोजन के लिए आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा किया जा रहा यह लोक-कल्याणकारी कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। एक ही मंच से सैक?ों बेटियों का विवाह कराना, उन्हें गृहस्थी की आवश्यक सामग्री भेंट करना और सम्मान के साथ विदा करना सनातन संस्कृति के मूल्यों की सशक्त प्रस्तुति है।

# पार्थिव शिवलिंग पूजन व अभिषेक के साथ सेवा संकल्प के17वें वर्ष का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना 15 फरवरी, जिला अस्पताल परिसर स्थित सेवा संकल्प परिवार ने अपने सफलतम 16 वर्ष पूर्ण कर 17वें वर्ष में प्रवेश किया।**



इस अवसर पर पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं अभिषेक के साथ भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। प्रात:काल से ही पूजा-पाठ का कार्यक्रम चला तथा दोपहर 11.30 बजे जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि सुरेश बड़ेरिया ने कहा कि सेवा संकल्प की यह यात्रा सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक वर्ग के सहयोग से निरंतर चल रही है। उन्होंने कहा, नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस पुनीत कार्य के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा। जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जन सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। अच्छी सोच और समर्पण भाव से ही हम बेसहारा लोगों के दुख को कुछ हद तक कम कर सकते हैं। गोविंद बड़ेरिया ने समाज के प्रबुद्धजनों से इस सेवा कार्य में आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मणिकांत माहेश्वरी गोविन्द बड़ेरिया सुरेश बड़ेरिया सतीश वर्मा, जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, संदीप जैन, मनोहर डिग्वानी, सीताराम अग्रवाल, रामू, कमल पुरुस्वानी, विवेक अग्रवाल, घनश्याम सोनी, अमित चमड़ियां सहित अनेक समाजसेवियों की उपस्थिति रही।

## एक नजर में



### 37 मरीजों की जांच कर दवाइयों का हुआ वितरण

**सतना,** नई बस्ती इंडस्ट्रियल एरिया में समन्वय परिवार ट्रस्ट द्वारा संचालित समन्वय सेवा केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 37 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान नि:शुल्क बीपी एवं शुगर की जांच कर सभी मरीजों को नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, एवं सचिव मनीष गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पूजन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर मनीषा सोई एवं डॉक्टर पांडे ने सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नम्रता नारायण पटना, नेहा केसरवानी नागपुर, मेघा गुप्ता दिल्ली के अलावा संस्था के अध्यक्ष बिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ केसरवानी, सचिव लखन लाल केशरवानी, उपाध्यक्ष गोविंद बड़ेरिया, व्यवस्थापक मोहनलाल गुप्ता एवं नंदकिशोर पांडे उपस्थित थे। विगत 6 माह से समन्वय सेवा केंद्र द्वारा प्रत्येक शनिवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित हो रहा है। शनिवार को 30 वां कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



### भक्ति भाव से मनाया गया महाशिवरात्रि

**सतना,** जय गुरुदेव संस्था के जिला कार्यालय उतैली से प्रवक्ता उमेश चंद्र श्रीवास्तव अमृत बताया कि शिवरात्रि एवं त्रयोदशी कार्यक्रम बड़े भक्ति भाव से मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी समाझी लाल बुनकर ने बताया कि 5 घंटे की नामध्वनी में शामिल लगभग 60 सत्संगी सदस्यों ने बहुत ही दया प्राप्त किया क्योंकि वक्त के सन्त सद्गुरु उज्जैन आश्रम वाले बाबा उमाकांत जी महाराज स्वयं कहते है कि शिवरात्रि पर्व पर नामध्वनी एवं भजन साधना में लीन हो जाते हैं तो बहुत दया मिलती है। एडवोकेट दिनकर सिंह, उद्धव भैय्या, राधेलाल गुप्ता, नंदकिशोर, राजेश चौधरी, अखण्ड प्रताप सिंह ,अभय सिंह, निशांत गुप्ता समाझी लाल, उमेश चंद्र श्रीवास्तव अमृत के साथ साथ महिला संगत की उपस्थित रहे।

### राज्य के आह्वान पर अधिवक्ता न्यायलयीन कार्य से रहेंगे विरत

**सतना,** जिला अधिवक्ता संघ सतना के सचिव शैलेश पाण्डेय ने बताया कि राज्य अधिवक्ता परिषद से प्राप्त पत्र एसबीसी/एमपी/अधीक्षक/739/26 के निर्देनुसार प्रदेश के साथ साथ जिले के अधिवक्ता गण सोमवार 16 फरवरी को न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे और प्रतिवाद दिवस मनाएंगे ज्ञात हो कि शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की अधिवक्ता गणवेश में गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई है जिससे प्रदेश के अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश है यह प्रतिवाद पूर्णत: शान्ति पूर्वक रहेगा अत: सभी अधिवक्ता गण आज न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे और न्यायलयीन कार्य से विरत रहेंगे।